श्याम सुन्दर से बोली मुरलिया

श्याम सुन्दर से बोली मुरलिया तुम बजाने के काबिल नहीं हो
राधा गोरी है तुम हो सावरिया मेरी राधा के काबिल नहीं हो

तुम तो वन वन में गउये चराते और घर घर माखन चुराते
तुमको चोरी की आदत बुरी है घर बुलाने के काबिल नहीं हो
श्याम सुन्दर..........

नन्द बाबा यशोदा के छईया देवकी भी तुम्हारी है मैया
तेरे दो दो बाप दो मैया रिश्तेदारी के काबिल नहीं है
श्याम सुन्दर.........

राधा बड़े घरो की है बेटी कान्हा तेरी जात है छोटी
मेरी राधा की नाज़ुक कलाइयां पकड़े जाने के काबिल नहीं है
श्याम सुन्दर..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16562/title/shyam-sunder-se-boli-muraliya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |